# आज उज्जैन आएंगे नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल

- प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा द्वारा होगा भव्य स्वागत
- पदभार ग्रहण करने के पश्चात उज्जैन आने की खबर नवभारत ने की थी प्रकाशित
- उज्जैन के बाद बैतूल का बजा प्रदेश भर में डंका

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के पश्चात हेमंत खंडेलवाल गुरुवार को उज्जैन आएंगे. बाबा महाकाल के दर्शन करेंगे और नेता कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे. इस दौरान नगर भाजपा द्वारा से खंडेलवाल का जमकर स्वागत सरकार किया जाएगा.**

नवभारत ने बुधवार को प्रकाशित अंक में प्रमुखता से यह समाचार प्रकाशित किया था कि पदभार ग्रहण करने के पश्चात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आएंगे व नगर भाजपा से लेकर जिला ग्रामीण भाजपा द्वारा नबी नियुक्त अध्यक्ष का जमकर स्वागत सत्कार किया जाएगा.

## प्रथम नगर आगमन पर भाजपा ने की तैयारी

भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल के प्रथम बार उज्जैन आगमन पर नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा व महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में भव्य स्वागत की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर बैठक आयोजित की गई.



भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा आज नया प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री के गृह नगर में छाया उल्लास

पदभार के पश्चात महाकाल आएंगे, नवनियुक्त अध्यक्ष खंडेलवाल का उज्जैन में होगा स्वागत, सिंहस्थ तैयारियों तक की संभालेंगे जिम्मेदारी

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी के बहुप्रतीक्षित प्रदेश अध्यक्ष पद की आज घोषणा हो जाएगी। इस पद पर सिंगल नाम बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल का आया है। किसी और भाजपा नेता ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया, ऐसे में खंडेलवाल निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। इसको लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में भी उल्लास का माहौल है।

नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात हेमंत खंडेलवाल पदभार ग्रहण करेंगे और तमाम प्रक्रियाओं के बाद देव दर्शन का

कौन है हेमंत खंडेलवाल, अभी विधायक हैं, पिता का स्थान संभाला

आज बीजेपी जिसे अपना प्रदेश अध्यक्ष बना रही है ऐसे हेमंत खंडेलवाल का जन्म 3 सितंबर 1964 को मथुरा, उत्तर प्रदेश, भारत में हुआ था। वे वर्तमान में बैतूल में रहते हैं। उनके पास वाणिज्य में स्नातक की डिग्री और कानून में स्नातक की डिग्री है, दोनों ही जेएच गवर्नमेंट कॉलेज, बैतूल से प्राप्त की गई हैं। उनकी शादी पश्चिम बंगाल की रितु खंडेलवाल से हुई है। हेमंत खंडेलवाल बैतूल से विधान सभा के सदस्य (एमएलए) के रूप में कार्य करते हैं। इससे पहले, उन्होंने भारत की 14 वीं लोकसभा में संसद सदस्य (एमपी) का पद संभाला था। उनका निर्वाचन क्षेत्र मध्य प्रदेश में बैतूल है। बैतूल जैसे छोटे जिले से जिस प्रकार से खंडेलवाल ने भाजपा की राजनीति से कदमताल करते हुए त्याग तपस्या और सेवा की है ऐसे में आज उन्हें प्रतिफल के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा है। अपने पिता और सांसद विजय कुमार खंडेलवाल के निधन के बाद हेमंत खंडेलवाल ने 2008 के उपचुनाव में बैतूल से सांसद के रूप में उनका स्थान लिया। बाद में वे 2013 में बैतूल से विधायक चुने गए और 2018 तक अपना पूरा कार्यकाल पूरा किया। इसके बाद वे 2023 में फिर से विधायक चुने गए और वर्तमान में विधायक के रूप में अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की सेवा कर रहे हैं।

## उज्जैन के बाद बैतूल के चर्चे

जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की कमान उज्जैन निवासी डॉ मोहन यादव द्वारा संभाली गई तो प्रदेश से लेकर देशभर में उज्जैन के चर्चे होने लगे. सम्राट विक्रमादित्य की नगरी ही नहीं, अपितू महाकाल बाबा और मोक्षदायिनी मां शिप्रा की इस नगरी को विकास के नए आयाम प्राप्त हो रहे हैं. सिंहस्थ 2028 की तैयारी सीएम डॉ यादव के नेतृत्व में चल रही है. वहीं सत्ता के बाद भाजपा संगठन की कमान बैतूल निवासी भाजपा विधायक हेमंत खंडेलवाल के हाथों में आ गई है. ऐसे में उज्जैन के बाद अब बैतूल का डंका प्रदेश भर में बजने लगा है.

### ताजपोशी दौरान बड़े नेता रहे मौजूद

बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की ताजपोशी हो गई है. पार्टी कार्यालय भोपाल में बड़े स्तर पर पदभार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. धर्मेंद्र प्रधान से लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से लेकर, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, जगदीश देवड़ा, कैलाश विजयवर्गीय, तमाम बड़े भाजपा नेताओं की मौजूदगी में श्री खंडेलवाल ने संगठन की कमान संभाली.

### महाकाल दर्शन और पार्टी कार्यक्रम में शामिल

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल 3 जुलाई गुरुवार को दोपहर 1 बजे उज्जैन पधारेंगे. श्री खंडेलवाल सर्वप्रथम बाबा महाकाल के दर्शन करेंगे. उसके पश्चात नानाखेड़ा स्थित दीनदयाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कालिदास अकादेमी में भाजपा नगर द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में शामिल होंगे. कार्यक्रम में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

## मालवा-निमाड़: भाजपा की राजनीति में नई व्यवस्था के संकेत !

बैतूल के हेमंत खंडेलवाल शिवराज सिंह चौहान के बाद ऐसे दूसरे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हैं, जो मध्य भारत क्षेत्र से आते हैं. अन्यथा भाजपा संगठन पर हमेशा इंदौर और उज्जैन संभाग यानी मालवा और निमाड़ का दबदबा रहा है. कुशाभाऊ ठाकरे, वीरेंद्र कुमार सकलेचा, सुंदरलाल पटवा, कैलाश जोशी, डॉ लक्ष्मी नारायण पांडे, विक्रम वर्मा, सत्यनारायण जटिया, नंदकुमार सिंह चौहान ये सभी दिग्गज संगठन पुरुष इंदौर और उज्जैन संभाग से आते थे. इस समय भी सत्ता के मामले में मालवा और निमाड़ का पलड़ा भारी है, क्योंकि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उज्जैन के हैं. जबकि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा नीमच जिले से आते हैं. इसका मतलब साफ है कि भाजपा संगठन मालवा और निमाड़ के लिए अलग से व्यवस्था करेगा. इस क्षेत्र में आठ लोकसभा क्षेत्र और 66 विधानसभा सीटें आती हैं. बड़ी संख्या में आदिवासी और दलित आबादी इस अंचल में निवास करती है. हेमंत खंडेलवाल के लिए यह क्षेत्र ज्यादा परिचित नहीं है, इसलिए पार्टी यहां से उपाध्यक्ष और महासचिव के पदों पर नेताओं को लाएगी. यानी प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों के मामले में मालवा और निमाड़ अंचल को तरजीह मिलेगी. इसके अलावा संभागीय क्षेत्र से दलित नेताओं को भाजपा संगठन में वरीयता दी जाएगी.

# राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम पर शक और गहराया

- जेवरात और दो मंगलसूत्र ने बढ़ाई मिस्ट्री
- राजा के भाई ने सौंपे 16 लाख के गहनों की तस्वीरें
- शिलोम के जरिए बरामद हुए अहम सबूत

नवभारत न्यूज

**इंदौर. बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक बार फिर सोनम रघुवंशी को लेकर संदेह गहराता जा रहा है. इस बार मामला केवल हत्या तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अब जांच की दिशा राजा के अलावा किसी और से सोनम की संभावित गुप्त शादी की ओर भी मुड़ रही है.**

दरअसल, शिलांग की होटल से दो मंगलसूत्र मिलने के बाद शक और भी गहरा हो गया है. अब राजा के बड़े भाई विपिन रघुवंशी ने दावा किया है कि सोनम को शादी में उनके परिवार द्वारा लगभग 16 लाख रुपए मूल्य के जेवरात भेंट किए थे. इस खुलासे से एक दिन पहले, मेघालय पुलिस ने रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स की निशानदेही पर रतलाम में उसके ससुराल से जेवरात, लैपटॉप और अन्य सामग्री बरामद की थी. इस सामान को सबूत नष्ट करने की नीयत से छिपाया गया था. बरामद जेवरों में से कुछ की पहचान करने के लिए मेघालय पुलिस ने विपिन रघुवंशी को बुलाया. उन्होंने पुलिस को राजा और सोनम की शादी में दिए गए गहनों की तस्वीरें सौंपी हैं. हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बरामद जेवरात उन्हीं में से हैं या नहीं.



### सोनम ने कहा था पहनने को

विपिन रघुवंशी ने बताया कि उनका भाई राजा हनीमून के लिए रवाना होते समय सोने की चेन और अंगूठी पहनकर गया था. एयरपोर्ट से राजा ने जो तस्वीरें हमें भेजी थीं, उन्हें देखकर मां ने उसे डांटा था कि इतने कीमती जेवर पहनकर क्यों गया है. इस पर राजा ने जवाब दिया था कि सोनम ने ही ये गहने पहनने को कहा है.

### दो मंगलसूत्रों से संदेह गहराया

इससे पहले सोनम के बैग से दो मंगलसूत्र मिलने के बाद सवाल उठने लगे थे कि कहीं उसने किसी और से भी शादी तो नहीं की? सोनम और राज कुशवाहा के रिश्ते को लेकर पहले भी कई एंगल सामने आ चुके हैं. अब यह संदेह और पुख्ता हो गया है.

## क्या आगे होगा?

मेघालय पुलिस अब सोनम और राज के रिश्ते की डिजिटल जांच कर रही है. बरामद गहनों की फॉरेंसिक जांच और पहचान प्रक्रिया चल रही है. सोनम और अन्य आरोपियों के मोबाइल डेटा, फोटो और वीडियो खंगाले जा रहे हैं. वहीं सोनम के नार्को टेस्ट की मांग भी फिर से उठने लगी है, फिलहाल, राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो चुके हैं और मामला अब भावनात्मक धोखे से लेकर आर्थिक षड्यंत्र तक की ओर बढ़ता नजर आ रहा है.

# राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 3 कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त

- बिजासन से सेंधवा वाले हिस्से में मार्ग अनेक स्थानों पर गड्ढे
- प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी शिकायत, मीडियन में पौधारोपण नहीं

नवभारत न्यूज

**इंदौर. म.प्र. से महाराष्ट्र को सीधे जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 3 कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुका है. इस फोरलेन सड़क के महाराष्ट्र से मप्र के प्रवेश द्वार बिजासन से खलघाट वाला हिस्सा विशेष रूप से बिजासन से सेंधवा वाले हिस्से में मार्ग अनेक स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुका है. साईड शोल्डर भी कई जगह भरे हुए नहीं है. साथ ही मीडियन से पौधारोपण भी गायब है. इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय को शिकायत प्रेषित की गई है.**

सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बी.एल.जैन ने इस समस्या को लेकर प्रधान मंत्री कार्यालय को ई-मेल से शिकायत प्रेषित करते हुए उन्हें अवगत कराया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 3 के इंदौर से मुम्बई वाले हिस्से में महाराष्ट्र की सीमा से मप्र के बिजासन से खलघाट वाले हिस्से में मार्ग अनेक स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुका है. विशेष रूप से बिजासन से सेंधवा तक के हिस्से के मार्ग में अनेक स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं. साथ ही पटरी के साईड के शोल्डर भी नहीं भरी होने के कारण भारी आवागमन के कारण दुर्घटनाओं की आशंका हमेशा बनी रहती है. इसी तरह अनुबंध की शर्तो के मुताबिक कंसेष्नायर को फोरलेन सड़क के मध्य मीडियन में पौधारोपण करते हुए उसका नियमित रखरखाव करना चाहिये ताकि रात्रि के समय आवागमन मे वाहनों के लाईट के कारण वाहन चालकों को परेशानी नहीं हो लेकिन वर्तमान में हालात ये है कि सैकड़ों मीटर लंबे मीडियन में पौधारोपण ही नहीं है. लेकिन कंसेष्नायर द्वारा इसका मरम्मत कार्य प्रारम्भ नहीं करवाया जा रहा है ना ही साईड शोल्डर भरे जा रहे है. बावजूद इसके परियोजना निदेशक इंदौर इस बदहाली के बाद भी खामोष है.





### दो दिन पहले किया ज्वॉइन

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण यादव ने कहा कि मुझे ज्वॉइन करें, सिर्फ दो दिन हुए है. मुझे साईट और इंदौर रीजन की पूरी जानकारी में थोड़ा समय लगेगा. उसके बाद ही मैं कुछ बोल पाऊंगा.

श्री जैन ने कहा कि इस परिस्थिति में आम जनता को प्रत्येक किमी का पूरा टोल टैक्स चुकाने के बाद भी क्षतिग्रस्त एवं बदहाल फोरलेन मार्ग पर यात्रा करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है. ऐसे हालातों में वाहनों की नुकसानी तो होती ही है, गति भी बाधित होती है, अनेक बार दुर्घटनाओं में कई लोगों को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ता है. अनुबंध की शर्तो के मुताबिक सड़क का सतत् मरम्मत कार्य निरंतर होना चाहिये लेकिन स्पष्ट रूप से यहां ऐसा नही हो रहा है. अनेक स्थानो पर सड़क पर गड्ढे पडे हुवे है. प्रत्येक वाहन से कंसेष्नायर टोल की वसुली कर रहे हैं.

# लोकपथ मोबाइल ऐप का एक वर्ष पूरा

**7800 से अधिक शिकायतें ऐप पर दर्ज, 95 प्रतिशत का समाधान**

**02 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ**

**भोपाल, 2 जुलाई. मध्यप्रदेश के लोक निर्माण विभाग द्वारा विकसित लोकपथ मोबाइल ऐप ने अपनी पहली वर्षगांठ के साथ एक सराहनीय उपलब्धि दर्ज की है.**

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने समीक्षा बैठक में ऐप के अब तक की सफलता, नागरिकों की भागीदारी और आगामी लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की. लोकपथ ऐप की शुरुआत 2 जुलाई 2024 को की गई थी. ऐप ने अपने पहले ही वर्ष में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. अब तक इस ऐप पर 7800 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 95 प्रतिशत से अधिक का त्वरित समाधान कर दिया गया है.

लगभग 1.5 लाख नागरिकों द्वारा ऐप को डाउनलोड किया जाना यह दर्शाता है कि जनता में इसकी उपयोगिता और विश्वसनीयता को लेकर गहरी स्वीकार्यता बनी है. ऐप की सफलता पर मंत्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए लोकपथ ऐप को जनभागीदारी आधारित डिजिटल गवर्नेंस का प्रभावी उदाहरण बताया. उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में ऐप के 5 लाख डाउनलोड सुनिश्चित करने का लक्ष्य है, जिसके लिए व्यापक जनजागरण और प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा.



मंत्री सिंह ने निर्देश देते हुए उन्हें भोपाल में विशेष प्रशिक्षण देने की बात कही. साथ ही, ऐप से जुड़ी गूगल प्ले स्टोर टिप्पणियों पर विभागीय उत्तर देने की प्रक्रिया आरंभ करने की सिफारिश भी की गई, जिससे नागरिकों का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके. बैठक में प्रमुख अभियंता केपीएस राणा, एसआर बघेल, भवन विकास निगम के प्रमुख अभियंता अनिल श्रीवास्तव, सड़क विकास निगम के तकनीकी सलाहकार आरके मेहरा, भोपाल परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय मस्के, आनंद राणे, बीपी बोरासी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और ऐप के क्रियान्वयन व सुधार की दिशा में अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए.

### 'कौन बनेगा करोड़पति' में छाया लोकपथ

लोकपथ ऐप को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली जब 'कौन बनेगा करोड़पति' जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम में अभिनेता अमिताभ बच्चन ने इससे संबंधित प्रश्न प्रस्तुत किया. इससे यह स्पष्ट होता है कि मध्यप्रदेश का यह नवाचार अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बन चुका है. मंत्री राकेश सिंह ने बैठक में नागरिकों को और अधिक त्वरित सेवा देने के लिए नियमित समीक्षा पर जोर दिया.




# बदल रहा सहकारिता का कलेवर : विश्वास सारंग

### राज्य स्तरीय सहकारी कार्यशाला आयोजित

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 2 जुलाई. सहकारिता मंत्री विश्वास बुधवार को राज्य स्तरीय सहकारी कार्यशाला में शामिल हुए. समन्वय भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री सारंग ने संबोधित किया. उन्होंने कहा है कि पारदर्शिता, ईमानदारी और नवाचार के जरिए सहकारी आंदोलन को मजबूत किया जा सकता है.**

इसके लिए पूरी सहकारिता की टीम कृत-संकल्पित होकर काम करें. मंत्री मंत्री ने कहा कि सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए पैक्स का सुदृढ़ीकरण करना आवश्यक है. इसके लिए संभागीय और जिला अधिकारी अधीनस्थ पैक्स का निरीक्षण करें. मुख्यालय के अधिकारियों को भी संभागवार जिम्मेदारी दी जाए, जो उनके अधीनस्थों की समस्या एवं सुझावों पर ध्यान दें. उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने में पैक्स की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है.

मंत्री सारंग ने कहा कि सेल्फ हेल्प ग्रुप सहकारिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है. उन्होंने कहा कि केडिट मूवमेंट के साथ सहकारिता के विभिन्न आयामों पर भी ध्यान देने की जरूरत है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता का क्लेवर बदल रहा है. सहकारी आंदोलन को पुन- मजबूत करने के लिए सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया है.

## पहले भाजपा के चुनावी वादे पूरे कराएं खंडेलवाल : पटवारी

**भोपाल, 02 जुलाई. हेमंत खंडेलवाल के आज मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि उन्हें (खंडेलवाल को) सबसे पहले भाजपा द्वारा चुनाव के दौरान किए गए वादे पूरे करने चाहिए.**

पटवारी ने खंडेलवाल को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले 17-18 महीनों में भाजपा का चेहरा पूरी तरह भ्रष्ट हो चुका है. उन्होंने उम्मीद भरे लहजे में कहा कि खंडेलवाल सरकार में कुछ सख्ती लाएंगे ताकि प्रदेश की जनता को कुछ राहत मिले.



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि खंडेलवाल को सबसे पहले भाजपा से चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करवाना चाहिए.

# राजस्व प्रकरणों का रिकॉर्ड निराकरण

## विशेष अभियान के तहत 8 लाख 49 हजार 681 प्रकरण हल

**भोपाल, 2 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये प्रदेश में 2 चरणों में राजस्व महाअभियान संचालित किये गये. राजस्व महाअभियान में राजस्व प्रकरणों के निराकरण का क्रम राजस्व महाअभियान-2 के बाद भी जारी है.**

राजस्व महाअभियान-2 के बाद फरवरी-2025 से अब तक राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के 8 लाख 49 हजार 681 प्रकरणों का रिकॉर्ड निराकरण किया गया है. यह निराकरण राजस्व महा-अभियान के बाद जनवरी-2025 के अंत से अब तक किया गया है.जिलेवार स्थिति में आगर-मालवा में 10417, अलीराजपुर में 2550, अनूपपुर में 10690, अशोकनगर में 10130, बालाघाट में 21897, बड़वानी में 5610, बैतूल में 21407, भिण्ड में 21964 रहा.

**मुलाकात** | राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में कार्यों, नवाचारों और प्रगति से अवगत कराया

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान के साथ मंत्री परमार की चर्चा



**भोपाल, 2 जुलाई. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल में भेंट कर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा को लेकर सारगर्भित चर्चा की.**

उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन के नीतिगत निर्णयों, शिक्षा में किए जा रहे कार्यों एवं नवाचारों से अवगत कराया. परमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसरण में प्रदेश के समस्त जिलों में स्थापित किए गए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और उनमें भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की स्थापना एवं प्रगति के सम्बंध में अवगत कराया. परमार ने पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परम्परा के द्रुतगति से समावेश के लिए विभिन्न कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों से प्राप्त अनुशंसाओं की जानकारी भी दी. केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान को उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा में भारतीय भाषा के समावेश के लिए हो रहे कार्यों की जानकारी से भी अवगत कराया.

परमार ने विद्यार्थियों के गुणात्मक एवं संज्ञानात्मक विकास के लिए मजबूत आधार तैयार करने, उद्योगजगत की आवश्यकता अनुरूप रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की समावेशिता को बढ़ावा देने और देश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए किए जा रहे कार्यों एवं प्रगति से भी अवगत कराया. इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ संजय गोयल, आयुक्त तकनीकी शिक्षा अवधेश शर्मा सहित उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे.

पेज एक का शेष

## सब को साथ लेकर चलेंगे : खंडेलवाल

अनुशासन के दायरे में हर बात मंजूर होगी. उन्होंने कहा कि पहले जनसंघ, फिर भाजपा संगठन को कुशाभाऊ ठाकरे, सुंदरलाल पटवा, अटल बिहारी वाजपेयी और राजमाता विजयराजे सिंधिया मप्र की माटी से थीं, जिन्होंने भाजपा को शिखर तक पहुंचाने का कार्य किया है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मेरा परिवार पिछले 100 साल से कांग्रेस के विरोध में अपना झंडा बुलंद कर रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र विकास की एक नई परिभाषा लिख रहा है.

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सभी को साथ लेकर चलते हुए पार्टी संगठन को मजबूती देंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संगठन पर्व के एक चरण के समापन के बाद अब हम सभी म.प्र. को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें.

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकास की योजनाएं हेमंत खंडेलवाल के दिमाग में चलती रहती हैं. सीएम राइज स्कूल योजना में हेमंत खंडेलवाल के सुझाव भी शामिल थे.निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में मप्र को और आगे ले जाने सभी कार्यकर्ता संकल्प लें.

## महिला सरपंच के घर करोड़ों की डकैती

**मुरैना.** जिले में ग्राम जौरा आलापुर पंचायत की महिला सरपंच मंजू यादव के घर मंगलवार मध्यरात्रि में नकाबपोश हथियारबंद बदमाश परिवार के सदस्यों को बंधक बनाकर एक करोड़ से अधिक की नगदी और सोने चांदी के जेवर और दो लायसेंसी बंदूक लूटकर फरार हो गए. 4 हथियारबंद बदमाशों ने महिला सरपंच के घर सीढ़ियों के सहारे प्रवेश किया और उनके पति राजकुमार यादव सहित परिवार के सदस्यों को हथियारों के बल कमरे के एक कोने में बंधक बनाकर घर से 1 करोड़ से अधिक की नगदी और सोने चांदी के आभूषण और 2 लायसेंसी बंदूक लूटकर फरार हो गए. एक बदमाश को पहचान लिया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60